# कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी

## एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, जोधपुर

गांधी मैदान के पास, सरदारपुरा–सी रोड, जोधपुर दूरभाष–0291–2631005
Email-cdeojodhpur@yahoo.com

क्रमांकः मुजिशिअ / जोध. / 2026 दिनांक– यथाहस्ताक्षर

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
समग्र शिक्षा, जोधपुर।(समस्त)

विषय – शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों–विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गैस्ट फेकल्टी के रूप में लेने के लिए विद्या सम्बल योजना के सम्बन्ध मे दिशा–निर्देश एवं प्रक्रिया।

प्रसंग – वित विभाग के पत्रांक 46(2) वित / साविलेनि / 2021 दिनांक 30.03.21 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शिक्षा विभाग में विभिनन विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त होने के कारण नियमित अध्यापन कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर विपरीत प्रभाव प्रभाव पडता है। शिक्षण संस्थाओं मे अध्यापन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विद्या सम्बल योजना लागु की जा रही है। इसी क्रम में पात्र अभ्यार्थियों / सेवा निवृत शिक्षकों के आवेदन अमन्त्रित करने एवं चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में अग्रांकित समय सीमा तय की जाती है–

| क्रस | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पीईईओ विद्यालय स्तरीय समिति का गठन | 25.08.26 तक | – |
| 2 | विद्यालय के एवं अधीनस्थ विद्यालयों के शालादर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित (व्याख्याता, व.अध्या. अध्यापक लेवल1 एवं 2) के रिक्त पदों की सूची का प्रकाशन करना एवं पात्र अभ्यार्थियों के भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 25.08.26 से 27.08.26 तक | विद्यालय समय तक |
| 3 | विद्यालय स्तरीय कमेटी द्वारा आवेदनों की जाँच एवं निर्धारित मेरिट के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के विरूद्ध 3–3 अभ्यार्थी का चयन कर, चयन सूची तैयार करना। | 29.08.26 | कार्यालय समय में |
| 4 | सीबीईओ द्वारा चयनित अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र एव चयन सूची सीडीईओ कार्यालय में पहुँचानें हेतु अन्तिम तिथि | 31.08.26 | सायं 04:00 बजे तक |
| 5 | जिला स्तरीय कमेटी द्वारा चयन–सूची अनुमोदन तिथि | 31.08.26 | सायं 06:00 बजे तक |

### चयन प्रक्रिया हेतु निर्धारित अंकभार

| पदनाम | कक्षा 10 | कक्षा 12 | स्नातक | अधिस्नातक | प्रशैक्षिक योग्यता ( एसटीसी / बीएड) |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्या. ले 1 | 30 % | 40 % | – | – | 30 % |
| अध्या. ले 2 | 20 % | 20 % | 30 % | – | 30 % |
| व.अध्यापक | 10 % | 10 % | 50 % | – | 30 % |
| व्याख्याता | – | – | 20 % | 50 % | 30 % |

(मंजु शर्मा)
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, जोधपुर (राज0)